**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे**

**प्रधानमंत्री–खेलो इंडिया संवाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत के निर्माण में देश की खेल प्रतिभा और युवाशक्ति को जोड़ने का अभियान है। उन्होंने कहा कि देश के हर जिले में विश्व के खेल मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लाल किले की प्राचीर से 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों में खेल प्रतिभा खोजने के लिए बड़े प्रतिभा खोज अभियान की घोषणा की थी।

प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि आज भारत में खेल एक बेहतर करियर और पेशे के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि खेल केवल चैम्पियन बनना ही नहीं सिखाता, बल्कि बेहतर प्रतियोगी बनना भी सिखाता है।

..........................................................................................

**खेलो इंडिया संवाद**

इधर प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में भी खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना गया। सिरमौर ज़िला के कालाअंब में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुरेश कश्यप विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का काम करेगा। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने खेलों के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है।

वहीं कांगड़ा में आयोजित खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कहा कि ये कार्यक्रम युवाओं व खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा, अनुभव और विचार साझा करने के लिए बेहतर मंच प्रदान कर रहा है। उधर चंबा राजकीय महाविद्यालय और बनीखेत में आयोजित खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना गया।

..........................................................................................

**अवकाश**

प्रदेश में रक्षाबंधन के पर्व पर कल 28 अगस्त को सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज विधानसभा में ये घोषणा करते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई–बहन के पवित्र प्रेम व स्नेह का पर्व है ऐसे में इस अवसर पर महिलाओं के साथ–साथ पुरूषों को भी अवकाश का निर्णय लिया गया है ताकि सभी लोग इस त्योहार का साथ में मिलकर मना सकें। इसके अलावा रक्षाबंधन के पर्व पर महिलाओं के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा भी मिलेगी। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

……………………………………………………………………………………

**<u>रोहित ठाकुर</u>**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला ज़िले के कोटखाई क्षेत्र में एलपीजी आपूर्ति की समस्या का एक सप्ताह के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के संबंधित विभागों व ज़िला प्रशासन को निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज कोटखाई में एलपीजी की सुचारू व नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। रोहित ठाकुर ने कहा कि सेब सीजन के दौरान लोगों को रसाई गैस की कमी के कारण कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए और इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

……………………………………………………………………………………

**<u>रक्षाबंधन</u>**

रक्षाबंधन पर्व को लेकर सोलन ज़िला में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाईयों की दुकानों, होटलों व रेस्तरां में मिठाइयों व अन्य सामान के सैंपल की जांच की जारी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अतुल कैस्था ने बताया कि विभाग रक्षाबंधन पर्व पर लोगो की सेहत के लिए सतर्क है इसी के दृष्टिगत मिठाईयों की दुकानों सहित होटलों व रेस्तरां में निरीक्षण किया जा रहा है।

……………………………………………………………………………………